2024 में शुरू होगी मेट्रो-3

सीप्ज से बीकेसी के बीच जल्द शुरू किया जाएगा ट्रायल रन

■ **विसं, मुंबई :** मुंबई मेट्रो-3 जल्द ही यात्रियों की सेवा में उपलब्ध होगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) ने कहा कि 2024 की पहली तिमाही से मेट्रो-3 का पहला चरण सीप्ज से बीकेसी के बीच शुरू होने की उम्मीद है। कार शेड का निर्माण भी तब तक पूरा कर लिया जाएगा। कई डेडलाइन को मिस कर चुकी मेट्रो की यह नई तारीख मुंबईकरों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई है।

ट्रायल रन के लिए आंध्र प्रदेश की श्रीसिटी में 'मेक इन इंडिया' के तहत बने 8 डिब्बों के रेक को मुंबई सड़क मार्ग से लाया जा रहा है। इसके अगले कुछ दिनों में मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इसके रास्ते में आ रहे पेड़ों की छंटनी का काम किया जा चुका है। इसकी असेंबलिंग मरोल मरोशी टनल के बाहरी हिस्से के पास सरिपुत नगर में किया जाएगा। वहीं से मरोल नाका मेट्रो स्टेशन तक के तीन किलोमीटर की दूरी में इसका ट्रायल होगा। एमएमआरसीएल ने कहा कि सारी प्रक्रिया कोर्ट के आदेश के तहत की जा रही है। कारशेड की जगह पर भी आवश्यक मशीनें लाई जा रही हैं, लेवलिंग का काम किया जा रहा है।

होंगी आधुनिक सुविधाएं

अत्याधुनिक सुविधा के साथ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए 31 ट्रेनों का निर्माण हो रहा है। यह ट्रेन ड्राइवर-लेस ट्रेन होगी, साथ ही कोच के अंदर एलसीडी स्क्रीन, डिजिटल मैप इंडीकेटर, अग्नि शमन यंत्र, स्मोक डिटेक्टर, इमरजेंसी वॉइस कम्युनिकेटर और पीएम सिस्टम भी होगा। इसके अलावा दिव्यांग यात्रियों के लिए डेडिकेटेड वीलचेयर एरिया की भी व्यवस्था ट्रेन में की गई है।

भूमिगत मेट्रो के स्टेशन का निर्माण कार्य जारी है।

98 फीसदी टनलिंग पूरी

कोलाबा-बांद्रा-सीप्ज के बीच 33.3 किमी लंबे मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। पूरे मार्ग पर 98.9 फीसदी तक टनल तैयार करना का काम पूरा हो चुका है। दो से तीन महीने में 100 फीसदी भूमिगत मार्ग तैयार करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। पूरे कॉरिडोर का सिविल वर्क भी करीब 84 प्रतिशत तक पूरा किया जा चुका है।

काम में आई तेजी

कफ परेड, विधानभवन वाले पैकेज-1 का सिविल वर्क भी लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। वहीं, सीप्ज, एमआईडीसी, सिद्धिविनायक मंदिर स्टेशन का 100 प्रतिशत ट्रैक का काम पूरा हो चुका है। वहीं, सहार रोड मेट्रो स्टेशन का 79 प्रतिशत काम हुआ है।

हिरासत में लिए गए 12 प्रदर्शनकारी, थोड़ी देर बाद रिहा

रिपोर्टर, मुंबई : आरे पुलिस ने सेव आरे संस्था से जुड़े कुछ प्रदर्शनकारियों को गुरुवार को हिरासत में लिया, हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार आंदोलनकारियों को सीआरपीसी की धारा 149 के तहत नोटिस जारी कर आधे घंटे तक हिरासत में रखा गया था। प्रदर्शनकारियों ने ट्वीट कर आरे पुलिस द्वारा पेड़ काटे जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं विभागों के खिलाफ केस नहीं दर्ज करने का आरोप लगाते हुए विडियो वायरल किया था। हालांकि, जोन-12 के डीसीपी सोमनाथ घारगे ने कहा कि आरे मेट्रो कार्य शेड स्थल के आसपास गुरुवार को 12 ऐक्टिविस्ट संदिग्ध हालत में घूम रहे थे। उन्हें स्थानीय आरे पुलिस ने पकड़कर आरे पुलिस स्टेशन लाया और सभी को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।